# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09 अगस्त 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लिये वर्ष दो हजार पचीस–छब्बीस तक बारह हजार करोड़ रूपये से अधिक लागत की सब्सिडी जारी रखने को दी मंजूरी।
- प्रदेश भर में मनाये जा रहे काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का हुआ समापन। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि।
- श्रावण मास की पूर्णिमा पर आज प्रदेश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है रक्षाबंधन का पर्व। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी शुभकामनाएं। कहा– भाई–बहन के परस्परिक प्रेम और विश्वास का त्योहार है रक्षाबंधन।
- प्रदेश भर में बारिश का सिलसिला जारी। गंगा, रामगंगा और घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर। चौबीस जिले बाढ़ की चपेट में।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कल हुयी केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की बैठक में सरकार ने बारह हजार करोड रूपये से अधिक की अनुमानित लागत से वर्ष दो हजार पचीस–छब्बीस के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं के लिए सब्सिडी जारी रखने को स्वीकृति दी है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल के फैसले के बारे में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार चौदह किलो दो सौ ग्राम के रसोई गैस सिलेंडर पर तीन सौ रूपये तक की सब्सिडी देगी। इस योजना के तहत दस करोड़ तैंतीस लाख से ज्यादा परिवार लाभान्वित होंगे।

***12 हजार 60 करोड़ रुपए का सपोर्ट पीएम उज्ज्वला बेनिफिशयरी के लिए 2025–26 फाइनेंशियल इयर में दिया जाएगा। अब तक अगर हम देखें टोटल उज्ज्वला योजना में 52 हजार करोड रुपये का बेनिफिट देश में लाखों–करोड़ों परिवारों को मिल चुका है। फैसले से करीब दस करोड़ 35 लाख घरो में लाभ मिलेगा। इससे पीएम उज्ज्वला को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।***

श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल सहित सार्वजनिक क्षेत्र की तीन तेल विपणन कंपनियों के लिए तीस हजार करोड रूपये की क्षतिपूर्ति राशि भी मंजूर की है।

उन्होंने यह भी बताया कि सरकार ने चार हजार दो सौ करोड रूपये के बजट के साथ तकनीकी शिक्षा योजना में बहुविषयी शिक्षा और अनुसंधान सुधार के लिए सहायता को भी स्वीकृति दे दी है। श्री वैष्णव ने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत अनुमानित दो सौ पचहत्तर सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त तकनीकी संस्थानों का चयन और समर्थन होने की संभावना है।

***राज्य सरकारों के जो टेक्निकल एजुकेशन के इंस्टीट्यूटस हैं उनको सपोर्ट करना, उसमें ट्रांसफॉर्मेशन लाना उसके लिए चार हजार दो सौ करोड रुपये का एक प्रोग्राम सेंक्शन हुआ है। हम सब जानते हैं आईआईटी, आईआईएम का एक सिस्टम है, एनआईटी का सिस्टम है, दुनियाभर में मान्यता प्राप्त है, जो राज्य सरकारों के टेक्निकल इंस्टीट्यूशन्स हैं उनमें गुणवत्ता कैसे आए, क्वालिटी कैसे आए, कैसे इम्प्रूवमेंट आए, तो 175 इंजीनियरिंग्स इंस्टीट्यूट्शंस एंड 100 पॉलिटेक्निक, देशभर में जिसमें करीब 7.5 लाख स्टुटेंड एंड 13 हजार फैकल्टी मेम्बर्स को बेनिफिट मिलेगा और इसके लिए प्रोग्राम बनाया है।***

केंद्र सरकार द्वारा लिए गए फैसलों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि योजना के तहत प्रति सिलेंडर तीन सौ रुपये की सब्सिडी जारी रखना अभिनंदनीय है।

**********

लखनऊ में कल काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समापन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वर्तमान पीढ़ी से राष्ट्रभक्ति और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया।

***स्वदेशी हमारे जीवन का ध्यय बने, स्वदेशी हमारे जीवन का मंत्र बने, हम जीयेंगे तो स्वदेशी के लिये, हम मरेंगे अपने देश के लिये अपनी राष्ट्रभक्ति भी पराकाष्ठा के साथ जब भारत आगे बढ़ेगा, तो दुनिया की कोई ताकत भारत का बाल बांका नहीं कर पायेगी।***

मुख्यमंत्री ने शहीद सैनिकों के परिजनों को भी मंच पर सम्मानित करने के साथ ही काकोरी ट्रेन एक्शन की घटना पर आधारित एक पुस्तक का भी विमोचन किया। इस अवसर पर वाराणसी में संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन की तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रम और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, तथा सहारनपुर में राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने काकोरी ट्रेन एक्शन प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

**********

प्रदेश भर में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में प्रदेशवासियों से तिरंगा अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

***पूरी दुनिया ने भारत के सामर्थ्य और भारत के शौर्य का लोहा एकबार फिर से माना है। अपनी सैनिकों के प्रति सम्मान का भाव रखते हुए पूरे देश के अंदर प्रधानमंत्री जी ने हर भारतवासी का आह्वान किया है कि हम 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा के आयोजन के साथ जुड़ेंगे। हर स्तर पर हर गांव में हर नगर निकाय में हर वार्ड में तिरंगा यात्रा निकले।***

**********

आज श्रावण मास की पूर्णिमा पर प्रदेशभर में रक्षा बंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज, लखनऊ और गोरखपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालु विभिन्न शिवालयों और मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक और पूजा–अर्चना कर रहे हैं। रक्षाबंधन पर्व पर प्रदेश सरकार की ओर से कल सुबह से ही नगरीय और परिवहन निगम की सभी तरह की बसों में महिलाओं को एक सहयात्री के साथ निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जा रही है जो कल यानी दस अगस्त की रात बारह बजे तक जारी रहेगी। रक्षा बंधन पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा है कि रक्षा बंधन भाई–बहन के पारस्परिक प्रेम, स्नेह और विश्वास का त्यौहार है। यह पर्व कर्तव्य, आत्मीयता, त्याग, सामाजिक एकता और सद्भावना का प्रतीक है। रक्षाबंधन भारत की गुरू–शिष्य परम्परा का भी त्योहार है।

उधर, अयोध्या में राम मंदिर में रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर कल भगवान श्रीराम की बहन शांता की तरफ से श्रृंगी ऋषि सेवा संस्थान ने श्रीराम लला और उनके अनुज के लिए राखी भेंट की जो मधुबनी शैली से बनी है। आज रामलला को ये राखी बांधी जाएगी।

**********

आकाशवाणी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम ने अपनी शुरुआत से अब तक चौंतीस करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया है। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने कल राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस मासिक रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से, प्रधानमंत्री शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, नवाचार और समाज सेवा जैसे क्षेत्रों में प्रभावशाली कार्य करने वाले भारतीयों की प्रेरक कहानियाँ साझा करते हैं। श्री मुरुगन ने कहा कि श्रोताओं का एक बड़ा वर्ग इस कार्यक्रम को सुनकर आकाशवाणी से जुड़ता है। आकाशवाणी इसे अपने राष्ट्रीय और क्षेत्रीय नेटवर्क पर सीधा प्रसारित करता है। साथ ही, यह कार्यक्रम दूरदर्शन के विभिन्न राष्ट्रीय और क्षेत्रीय भाषा के चैनलों पर भी प्रसारित किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम भारत और दुनिया भर के दर्शकों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी व्यापक रूप से सुना जाता है। श्री मुरुगन ने कहा कि यह कार्यक्रम यूट्यूब चैनलों और प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स पर सीधा प्रसारित किया जाता है। साथ ही 260 से अधिक आकाशवाणी चैनलों वाले न्यूजऑनएआईआर मोबाइल ऐप के माध्यम से भी इसका प्रसारण किया जाता है। उन्होंने कहा कि यूट्यूब और ओटीटी सहित डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मन की बात के श्रोताओं की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**********

प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कल कहा कि दर्शकों और श्रोताओं के लिए सूचना, शिक्षा और मनोरंजन तक हर संभव व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने नई दिल्ली में वेब्स ओटीटी प्लेटफार्म पर मैगजीन स्टोर का शुभारंभ किया। श्री द्विवेदी ने कहा कि इस सेवा का उपयोग करने के लिए प्रतिमाह निन्यानबे रूपये या प्रतिवर्ष नौ सौ निन्यानबे रूपये देने होंगे।

**********

लगातार बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण राज्य में कई नदियां उफान पर हैं। हापुड़, बदायूं, गाज़ीपुर, बलिया में गंगा नदी, मुरादाबाद में रामगंगा, बाराबंकी, अयोध्या और बलिया में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। प्रदेश के चौबीस जिले बाढ़ की चपेट में है। सरकार की तरफ से राहत और बचाव कार्य तेज कर दिये गये हैं। बाढ़ चौकियों को सतर्क कर दिया गया है और स्थानीय लोगों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

**********